# केशव न्यूज

हिंदी दैनिक खबर

शुक्रवार 2 अगस्त 2025 वर्ष 01 अंक 86 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

www.keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

कड़ी मेहनत और विश्वास रखने वालो को सफलता मिलती है, और जिनको सफलता मिलती है उनकी दुनिया ही बदल जाती है।

## धोबा नदी में नहाने गए पांच बच्चे डूबने लगे, ग्रामीणों ने बचाई जान, दो गंभीर हालत में पी.एम.सी.एच. में भर्ती

**बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में जारी है बच्चों का इलाज**

संवाददाता केशव न्यूज

पटना, फतुहा – पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नियाज़ीपुर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा होते–होते टल गया। गांव के पांच मासूम बच्चे बाढ़ के कारण उफनाई धोबा नदी में नहाने गए थे, लेकिन गहराई का अंदाज़ा न लग पाने के कारण सभी अचानक डूबने लगे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सतर्कता और हिम्मत से उनकी जान बच सकी, हालांकि दो बच्चों की हालत अब भी बेहद नाजुक बनी हुई है।

**ग्रामीणों की बहादुरी से टली बड़ी दुर्घटना**

ग्रामीणों ने बताया कि उपेन्द्र यादव की बेटी सिंपी कुमारी (10 वर्ष) और चंद्रशेखर कुमार का बेटा ऋषभ कुमार (06 वर्ष) समेत कुल पांच बच्चे पास की धोबा नदी में नहाने गए थे। नदी में बाढ़ का पानी भर जाने से उसकी गहराई काफी बढ़ गई थी। बच्चे जैसे ही पानी में उतरे, अचानक फिसलकर गहराई में चले गए और डूबने लगे।

शोर सुनकर आसपास मौजूद खेतों में काम कर रहे ग्रामीण



दौड़ पड़े। बिना देरी किए उन्होंने जान की परवाह किए बगैर नदी में छलांग लगाई और एक–एक कर सभी बच्चों को बाहर निकाला।

बच्चों को फौरन फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सिंपी और ऋषभ की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पी.एम.सी.एच.) रेफर कर दिया। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है और चिकित्सकों की विशेष टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है।

इस घटना के बाद से नियाज़ीपुर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव वालों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा के इंतजाम और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हा. `स्थानीय प्रशासन ने घटना की पुष्टि की है और कहा है कि पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता मुहैया कराई जाएगी।



## पटना में एसटीएफ और पुलिस की बड़ी कार्रवाई– छात्र की हत्या की साजिश नाकाम, देसी कट्टा और कारतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता केशव न्यूज । पटना में एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से एक युवक की हत्या की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया। बुधवार शाम को ज्ञ को गुप्त सूचना मिली कि कंकड़बाग थाना क्षेत्र के चौधरी पेट्रोल पंप के पास कुछ युवक एक हत्या की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया और लोहानीपुर इलाके में छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सिद्धार्थ कुमार और विशाल राज के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए। पूछताछ में पता चला कि यह मामला छात्रों के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई से जुड़ा है। पूर्व के विवाद में बदला लेने की नीयत से दोनों युवक पटना सिटी इलाके में एक छात्र की हत्या करने पहुंचे थे।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी घटना टल गई। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पटना पुलिस की टीम अब इस साजिश में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है और इस बात की भी जांच कर रही है कि हथियार कहां से लाए गए थे और कहीं इसका कोई संगठित आपराधिक गिरोह से तो संबंध नहीं है। वरीय आरक्षित अधीक्षक ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आगे की जांच तेज़ी से जारी है।

## पटना में डोमिसाइल की मांग पर उग्र हुआ आंदोलन – सीएम हाउस घेरने निकले अभ्यर्थी, बैरिकेडिंग पर रोके गए, सरकार के खिलाफ नारेबाजी तेज

### पटना की सड़कों पर डोमिसाइल का जनसैलाब, नीतीश सरकार के खिलाफ लगे तीखे नारे



संवाददाता केशव न्यूज । पटना – शुक्रवार को पटना की सड़कों पर शिक्षक अभ्यर्थियों का हुजूम उमड़ पड़ा। वे राज्य में डोमिसाइल नीति लागू किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें जेपी गोलंबर के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली, वहीं सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई।

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने स्पष्ट कहा कि उनकी मांग है कि बिहार की सभी सरकारी नौकरियों में 90 प्रतिशत सीटों पर केवल बिहार के डोमिसाइल वाले उम्मीदवारों को मौका दिया जाए। बाकी 10 प्रतिशत सीटों पर बाहर के लोग या मेरिट के आधार पर बिहार के लोग अन्य जगह जा सकें। साथ ही, परीक्षाओं में ऐसे प्रश्न पूछे जाएं जो बिहार की सामाजिक, ऐतिहासिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि से संबंधित हों।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता दिलीप ने कहा कि अगर सरकार डोमिसाइल नीति लागू करती है तो वे खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पक्ष में प्रचार करेंगे और चुनाव में उनका समर्थन पूरे राज्य में करेंगे। वहीं, यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो 'डोमिसाइल नहीं तो वोट नहीं' का नारा बिहार के हर गली–मोहल्ले में गूंजेगा।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बीपीएससी टीआरई–4 परीक्षा में डो. मिसाइल नीति को तत्काल लागू किया जाए, एसटीईटी डोमिसाइल की अधिसूचना जल्द निकाली जाए, 26,000 कंप्यूटर शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू की जाए और लाइब्रेरियन बहाली समेत सभी सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल अनिवार्य किया जाए।

पटना कॉलेज परिसर में जुटे अभ्यर्थियों का कहना था कि अन्य राज्यों में रहने वाले बिहारियों को नौकरी और सुविधाओं से वंचित कर दिया जाता है। ऐसे में कम से कम बिहार में तो उन्हें प्राथमिकता मिले। कुछ प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग अपने बच्चों को विदेशों की बड़ी यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं, जबकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर नहीं दिए जाते।

अभ्यर्थियों ने यह भी कहा कि पहले बिहार में डोमिसाइल नीति थी, लेकिन नीतीश कुमार ने केंद्र की राजनीति की महत्वाकांक्षा के चलते इसे हटा दिया। अब वे उम्र के अंतिम पड़ाव में हैं, अगर उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री बनना है, तो डोमिसाइल लागू करना ही होगा। अभ्यर्थियों का कहना था कि यह केवल आंदोलन नहीं, बल्कि बिहारियों के अधिकार की लड़ाई है, जो हर हाल में जारी रहेगी।










# हरनौत नगर पंचायत में मोबाइल जमा कराने को लेकर बवाल – सुपरवाइजर पर सफाईकर्मियों से मारपीट का आरोप, हड़ताल पर गए कर्मचारी, थाने में दी शिकायत

संवाददाता केशव न्यूज : हरनौत (नालंदा) – हरनौत नगर पंचायत में शुक्रवार को उस वक्त विवाद खड़ा हो गया जब सफाईकर्मियों और सुपरवाइजर के बीच मोबाइल फोन जमा करने को लेकर तीखी झड़प हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना के बाद नगर पंचायत के दर्जनों सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे पूरे शहर की सफाई व्यवस्था बाधित हो गई है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोज की तरह सुबह सफाईकर्मी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे थे, जहां सुपरवाइजर बंटी कुमार ने सभी कर्मियों को अपने मोबाइल फोन जमा करने का निर्देश दिया। यह आदेश सफाईकर्मियों के लिए अप्रत्याशित था और उन्होंने इसका विरोध किया। कर्मियों का आरोप है कि विरोध करने पर सुपरवाइजर और उसके कुछ सहयोगियों ने लाठी–डंडों से उनके साथ मारपीट की। कई कर्मचारियों को गंभीर चोटें भी आई हैं। पीड़ितों में महिला सफाईकर्मी भी शामिल हैं।

घटना के बाद आक्रोशित कर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय में प्रदर्शन किया और कामकाज ठप कर दिया। फिर वे हरनौत थाने पहुंचे और सुपरवाइजर बंटी कुमार सहित बबलू यादव, जामुन यादव, छोटू यादव, रोशन कुमार और बाबू ठाकुर के खिलाफ लिखित शिकायत दी। पीड़ित महिला सफाईकर्मी आशा कुमारी ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि सुपरवाइजर लंबे समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहा है और पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इस बार मारपीट के साथ–साथ महिला कर्मचारियों से भी अमर्यादित व्यवहार किया गया।

सफाईकर्मियों का कहना है कि जब तक आरोपी सुपरवाइजर और संबंधित प्रबंधकों को पद से हटाया नहीं जाता, वे काम पर नहीं लौटेंगे। उनका कहना है कि वे मेहनत से शहर को साफ–सुथरा रखते हैं, लेकिन उन्हें बदले में अपमान और मारपीट झेलनी पड़ती है।

इस पूरे मामले में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी और आरोपी सुपरवाइजर से संपर्क नहीं हो सका है। वहीं थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि सफाईकर्मियों की ओर से लिखित शिकायत मिली है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# बिहारशरीफ विधानसभा से भावी प्रत्याशी मनोज कुमार ताँती ने किया चुनावी वादों का ऐलान, युवाओं व छात्रों पर विशेष फोकस

संवाददाता केशव न्यूज बिहार शरीफ (नालंदा ) – बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र संख्या 172 से भावी विधायक उम्मीदवार मनोज कुमार ताँती ने आगामी चुनाव को लेकर अपने संकल्पों और प्राथमिकताओं की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वे समाज के हर वर्ग के सुख–दुख के साथी बनकर विकास और जनसेवा के पथ पर कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि हम सब मिलकर बिहारशरीफ का समग्र विकास करेंगे।




मनोज ताँती ने युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संविदा पर कार्यरत नौजवानों की नियुक्ति को स्थायी करने का वादा किया है। पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और शैक्षणिक संस्थानों में उचित दर की कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही सभी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता की तैयारी हेतु निरूशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ में सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित मॉडल सरकारी विद्यालयों का निर्माण किया जाएगा, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। आम जनता पर टैक्स का बोझ कम करने के लिए मकान/प्रॉपर्टी होल्डिंग टैक्स को घटाया जाएगा और स्मार्ट मीटर की समस्याओं का समाधान करते हुए बिजली बिल में भी राहत दी जाएगी।

शुद्ध पेयजल की सुविधा हर घर तक पहुंचाने के लिए गंगाजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और जल संकट को खत्म करने के लिए व्यापक कार्य योजना बनाई जाएगी। जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने के लिए नालियों का निर्माण कराया जाएगा तथा गली–गली पीसीसी सड़कों का निर्माण कर आवागमन को बेहतर बनाया जाएगा। रोजगार की दिशा में विशेष पहल करते हुए हर वर्ष जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। शहर के भीतर आनंद मार्ग (नाला रोड) की तरह अन्य सड़कों को भी विकसित किया जाएगा। एतवारी बाजार से पतुआना होते हुए फारलेन तक आनंद मार्ग को जोड़ा जाएगा।

पंचाने नदी के दोनों किनारों पर मरीन ड्राइव की तर्ज पर रिवर फ्रंट का निर्माण एवं दुकानों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे नगर की सुंदरता और व्यापारिक गतिविधियों को बल मिलेगा। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए शहर में नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मनोज ताँती ने यह भी वादा किया कि बड़ी पहाड़ी की तर्ज पर फिटनेस पार्क और नए पार्कों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे नागरिकों को स्वास्थ और मनोरंजन के बेहतर विकल्प मिल सकें।

मनोज ताँती ने डॉ. अंबेडकर, कर्पूरी ठाकुर, महात्मा गांधी, राम मनोहर लोहिया, सरदार पटेल, भामाशाह, जयप्रकाश नारायण, एपीजे अब्दुल कलाम और जगदेव बाबू जैसे महापुरुषों को अपना प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि वे उनके सिद्धांतों को आधार बनाकर आमजन के हित में कार्य करना चाहते हैं। उनका मानना है कि समाज का कोई भी वर्ग विकास से वंचित न रहे, यही उनकी राजनीति का मूल उद्देश्य है।




# नालंदा में ट्रक चालकों के लिए राहतभरी पहल– डीटीओ कार्यालय में लगेगा 3 दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर, सिर्फ आधार और राशन कार्ड से बनेगा कार्ड

संवाददाता केशव न्यूज : बिहार शरीफ (नालंदा) – नालंदा जिले में परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए एक सराहनीय पहल की जा रही है। ट्रक चालकों, सहचालकों और खलासियों के लिए 4 से 6 अगस्त तक तीन दिवसीय आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर बिहारशरीफ के चकरसलपुर स्थित डीटीओ कार्यालय में लगाया जाएगा, जहां न्यूनतम कागजी प्रक्रिया के साथ तत्काल सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

शिविर में शामिल होने वाले कर्मियों को केवल अपना राशन कार्ड नंबर और आधार नंबर बताना होगा। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य परिवहन क्षेत्र में कार्यरत लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ना है, ताकि वे भी 5 लाख रुपए तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकें।

आयुष्मान भारत योजना की जिला समन्वयक शबनम ने बताया कि ट्रक चालक और खलासी आमतौर पर लंबे समय तक सफर में रहते हैं, जिससे उन्हें नियमित सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती है। इसी जरूरत को देखते हुए सरकार ने तय किया है कि उनके कार्यस्थल के नजदीक ही कार्ड निर्माण की सुविधा दी जाए।

यह शिविर एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत आने वाले समय में टोल प्लाजा, बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट हब, पार्किंग स्थल और प्रमुख गोदामों पर भी ऐसे शिविर लगाए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना चाहती है।

डीटीओ कार्यालय में होने वाला यह शिविर सिर्फ कार्ड निर्माण की सुविधा नहीं है, बल्कि यह संदेश भी है कि राज्य सरकार हर वर्ग की जरूरतों को समझते हुए योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दनियावां को मिला उपडाकघर का दर्जा – अब यहीं मिलेगी सभी डिजिटल डाक सुविधाएं




दनियावां (नालंदा), संवाददाता केशव न्यूज – नालंदा मंडल अंतर्गत दनियावां शाखा डाकघर को अब उपडाकघर के रूप में उत्क्रमित कर दिया गया है। यह नया उपडाकघर 1 अगस्त से पूर्ण रूप से संचालन में आ गया है। इस पहल से क्षेत्र के हजारों ग्राहकों को अब डिजिटल डाक सेवाओं का सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें पहले की तुलना में अधिक सुविधाएं और बेहतर सेवाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी।

डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने जानकारी दी कि दनियावां उपडाकघर को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है। यहां कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य आवश्यक उपकरण लगाए गए हैं, जिससे रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, खाता संबंधित कार्यों और बड़े लेन–देन जैसी सेवाएं अब दनियावां में ही संभव होंगी। पहले इन सेवाओं के लिए लोगों को फतुहा, पटना सिटी या अन्य डाकघरों का रुख करना पड़ता था।डाक विभाग की ओर से यहां एक नए डाकपाल की नियुक्ति भी की गई है, जो शाखा के संचालन और ग्राहक सेवा को सुचारु रूप से संभालेंगे।

नालंदा मंडल में वर्तमान में 315 डाकघर कार्यरत हैं, जो करीब 6 लाख 62 हजार ग्राहकों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं दे रहे हैं। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 5,056 खाते भी संचालित किए जा रहे हैं। डाकघरों के माध्यम से ग्रामीण और अर्ध–शहरी इलाकों में जीवन बीमा, अटल पेंशन योजना जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिससे वित्तीय समावेशन को मजबूती मिल रही है।

दनियावां उपडाकघर की शुरुआत से न केवल स्थानीय लोगों को समय और यात्रा के खर्च से राहत मिलेगी, बल्कि डाक विभाग की डिजिटल सेवाओं की पहुंच भी और अधिक सशक्त होगी।






# संगठनात्मक बैठक में बिहार शरीफ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े



संवाददाता केशव न्यूज : बिहार शरीफ (नालंदा ) – भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक क्षेत्रीय बैठक आज बिहारशरीफ के ताराचंद रिसोर्ट में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े उपस्थित हुए।

बैठक में वन, पर्यावरण एवं जलवायु पि. रवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार, प्रदेश महामंत्री श्रीमती लाजवंती झा, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी राजेंद्र सिंह, क्षेत्रीय सह प्रभारी जीतेंद्र नीरज, राजू झा, नालंदा जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना तथा नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार भी मंचासीन रहे।

इस बैठक में नालंदा, जमुई, शेखपुरा और लखीसराय जिलों के सभी क्षेत्रीय प्रभारी, सह प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, विधानसभा प्रभारी, संयोजक एवं विस्तारकों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तय करना था।

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक भाजपा को सशक्त करने का जिम्मा उठाना होगा। उन्होंने बूथ जीतो, चुनाव जीतो के संकल्प को साकार करने का आह्वान करते हुए कहा कि जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा, पार्टी का किला भी मजबूत नहीं होगा।उन्होंने कहा, "हर एक कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ है। यदि हमने हर बूथ को अजेय बना दिया, तो कोई भी विपक्षी ताकत भाजपा को रोक नहीं सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है।"

विनोद तावड़े ने बिहार में 2005 से पहले की कानून व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि "उस दौर में मुख्यमंत्री आवास से अपहरण की फिरौती मांगी जाती थी। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था। परंतु आज, नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जाती है और कानून का राज स्थापित हुआ है।उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन मांगने का आह्वान किया। साथ ही बिहार सरकार की जनहितकारी योजनाओं कृ जैसे 125 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को 35: आरक्षण, युवा आयोग का गठन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन को रु.400 से बढ़ाकर रु.1100 किए जाने कृ की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

इस बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. रामसागर सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, अरविंद पटेल, डा. अशुतोष कुमार, नीरज कुमार (डब्ल्यू), जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, शिवरतन प्रसाद, अविनाश प्रसाद सिंह, जिला मंत्री अमरेश कुमार, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, प्रवीण सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा रानी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, राजीव कुमार, मुरली मनोहर, प्रणव कुमार सिन्हा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# रोटरी क्लब तथागत द्वारा 697 बच्चों की नेत्र जांच एवं 97 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण




संवाददाता केशव न्यूज : थरथरी (बिहारशरीफ) – रोटरी क्लब तथागत, बिहारशरीफ के तत्वावधान में आज ग्राम भतहर, थरथरी स्थित सीता शरण मेमोरियल स्कूल में नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 697 बच्चों की विजन स्क्रीनिंग एवं कलर विजन जांच की गई, वहीं आसपास के 97 ग्रामीणों का निरूशुल्क बीपी, शुगर और नेत्र परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम के नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ व कम्युनिटी डायरेक्टर रोटेरियन डॉ. अरविंद कु. सिन्हा ने जानकारी दी कि कुल 697 में से 3 बच्चों में नेत्र संबंधी असामान्यता पाई गई। उन्हें सलाह दी गई कि वे रेलवे एवं आर्मी की परीक्षा के अतिरिक्त अन्य सभी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। नेत्र सहायक संजय कुमार एवं प्रमोद कुमार ने बच्चों की स्क्रीनिंग में सक्रिय भूमिका निभाई।

ग्रामीणों की नेत्र जांच आई स्पेशलिस्ट डॉ. अभिनव कुमार द्वारा की गई, जिसमें कई व्यक्तियों में दृष्टिदोष पाए गए और उनका चश्मे के माध्यम से परीक्षण किया गया।

पी.पी.एच. डायरेक्टर रोटेरियन विश्व प्रकाश एवं रोटेरियन संजीव दास ने ग्रामीणों के बीपी एवं शुगर की जांच की। जिन व्यक्तियों का बीपी या शुगर अधिक पाया गया, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श हेतु सलाह दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मैनेजर संजय कुमार, वाइस प्रिंसिपल अनुप्रिया भारती एवं क्लब अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो द्वारा 100 फलदार आम के पौधों का वितरण किया गया एवं विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में नालंदा नेत्रालय से नेत्र सहायक चंदन कुमार, रोहित कुमार, वीरेंद्र वर्मा, संजय कुमार, सतेंद्र कुमार, जीतेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

यह शिविर नेत्र स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।











हर पल, हमारी खबर
केशव न्यूज
बिहार का नंबर 1 अखबार
अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
केशव न्यूज़ में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा
खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 9931405353